03.03.2025

परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई से प्रश्न-उत्तर

1	कक्षा 12 वीं की छात्रा हूं। परीक्षा के दौरान वर्तनी गलत लिखे जाने पर क्या मेरे अंकों पर असर पड़ेगा। आर्ट स्ट्रीम के छात्र परीक्षा के समय शब्दों की सीमा को लेकर क्या सावधानी बरतें। निकिता आनंद	प्रिय निकिता, आपको कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं ! मैंने पहले भी बताया है कि परीक्षा का मूल्यांकन मार्किंग स्कीम की सहायता से किया जाता है| अभ्यर्थियों को प्रश्न के उन मुख्य बिन्दुओं को अवश्य लिखना चाहिए जो प्रश्न के उत्तर की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है| लगभग इन्हीं बिन्दुओं पर अंक दिए जाते हैं I क्योकि आपने मानविकी के विषय लिए हैं, अतः आपके लिए यह आवश्यक है कि आप प्रश्नों में वांछित समस्त सूचनाओं को अपने उत्तर में शामिल करें| यहाँ यह भी बताना आवश्यक है कि प्रश्नों का उत्तर बड़ा लिखने से आप को अधिक अंक नहीं मिलेंगे | अंक केवल उत्तर की सटीकता पर मिलते हैं | उत्तर में शब्दो की सीमा प्रश्न में निर्धारित अंको और प्रश्न में चाही गई सूचना पर निर्भर करती है| आशा है कि आप अपने विषयों के नमूना प्रश्न-पत्र देखकर प्रत्येक प्रश्न के अंको के हिसाब से समय व शब्द–सीमा संबंधी योजना तैयार कर लेंगी, जिसका उपयोग परीक्षा के दौरान मददगार साबित होगा |
2	मैं कक्षा 12 वीं का छात्रा हूं। भौतिकी का मेरे पेपर का सेट बहुत कठिन आया था जिस कारण मुझे परिणाम को लेकर चिंता हो रही है I इस बारे में कृपया मेरा मार्गदर्शन करें I मिनाक्षी	प्रिय मिनाक्षी, 12 वीं की परीक्षा, अंतिम परीक्षा नहीं है| इसी प्रकार भौतिकी की परीक्षा भी आपकी कक्षा 12 वीं की अंतिम परीक्षा नहीं होगी| अब आपको भूतकाल को छोड़ कर वर्तमान में प्रयास करना चाहिए जिससे कि भविष्य में निर्धारित परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्तम हो सके | सी.बी.एस.ई. द्वारा कक्षा 12 वीं में पूरक परीक्षा के दौरान छात्रों/छात्राओं को एक विषय में अपने प्रदर्शन में सुधार करने का मौका भी मिलता है| अब आप अपनी आगामी परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं । परीक्षा परिणाम उत्तम होंगे।
3	परीक्षा को लेकर घबराहट बनी हुई है। इस कारण प्रश्न पत्र भी पूरे हल नहीं कर पा रहा हूं। कक्षा 12 वीं का कॉमर्स स्ट्रीम का छात्र हूं। घबराहट की स्थिति सिर्फ परीक्षा वाले दिन देखने को मिलती है उससे पहले सब कुछ सामान्य रहता है। उसके लिए क्या करूँ। सचिन उनियाल	प्रिय सचिन, आपकी कक्षा 12 वीं की परीक्षा, कक्षा 11 वीं या कक्षा 9 वीं से भिन्न नहीं है। इन कक्षाओं की परीक्षाएं आपने अपने विद्यालय में भी दी होंगी और आपके अध्यापकों द्वारा इसका मूल्यांकन किया गया होगा| इन परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन बेहतर रहा होगा| कक्षा 12 वीं की परीक्षाएं पूर्व में दी गई परीक्षाओं से भिन्न नहीं हैं, यदि आप अपना ध्यान केन्द्रित करेंगे और परीक्षा की तैयारी एकाग्रचित होकर करेंगे तब आपको परीक्षा वाले दिन भी कोई घबराहट नहीं होगी| परीक्षा वाले दिन से पहले आप अपनी तैयारी पूर्ण करने के पश्चात् अच्छी नींद ले और परीक्षा के लिए जाते समय अपने मन में यह दृढ विश्वास रखें कि आप परीक्षा में बेहतर कर सकते है| प्रयास कीजिए आप अवश्य ही सफल होंगे|
4	मैं और मेरा भाई कक्षा 12 वीं की बोर्ड की परीक्षाएं दे रहे है। मैं साइंस स्ट्रीम की छात्रा और भाई कॉमर्स स्ट्रीम का छात्र है। एक कमरे में बैठकर तैयारी करते है। घर वाले परीक्षा की तैयारियों को लेकर काफी चिंतित रहते है। अप्रत्यक्ष तौर पर परीक्षा में अच्छा करने का दबाव है। ऐसी परिस्थिति से कैसे निपटा जाएं।	प्रिय प्रीति, यह तो बहुत अच्छी बात है कि आप और आपका भाई दोनों कक्षा 12 की परीक्षाएं दे रहें हैं| आपको भाई से और भाई को आपसे अत्यंत सहयोग मिलता होगा| आप दोनों मिलकर परीक्षा की तैयारी करें| विषयों की अवधारणाओं को समझने में एक दूसरे की सहायता करें और अपनीं तैयारियों का आकलन करवाएं | घर पर सभी का परीक्षा की तैयारी को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है | आप दोनों समयबद्ध तरीके से व एकाग्रचित होकर परीक्षा की तैयारी करें I यह ध्यान रखिए कि मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है | प्रीति आप और आपके भाई के पास परीक्षाओं के कुछ दिन शेष हैं, इसमें मेहनत कर आप अपने और परिवार के सदस्यों में भी विश्वास पैदा कर सकेंगे

	प्रीति तनेजा	और परीक्षाओं में अपने प्रदर्शन को बेहतर कर लेंगे	मेरी शुभकामनाएं !